Test Paper : **II**

Test Subject : **HINDI**

Test Subject Code : **A-12-02**

Test Booklet Serial No. : ____________________

OMR Sheet No. : ____________________

Hall Ticket No. | | | | | | | | | |

(Figures as per admission card)

**Name & Signature of Invigilator**

Name : ______________________________ Signature : ______________________________

**Paper : II**

**Subject : HINDI**

Time : 1 Hour 15 Minutes | Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : 16 | Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your Hall Ticket Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example** : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given to you**. If you mark at any place other than in the circle in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the OMR Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### అభ్యర్థులకు సూచనలు

1. ఈ పుట పై భాగంలో ఇవ్వబడిన స్థలంలో మీ హాల్ టికెట్ నంబరు రాయండి.
2. ఈ ప్రశ్న పత్రము యాభై బహుళైచ్ఛిక ప్రశ్నలను కలిగి ఉంది.
3. పరీక్ష ప్రారంభమున ఈ ప్రశ్నాపత్రము మీకు ఇవ్వబడుతుంది. మొదటి ఐదు నిమిషములలో **ఈ ప్రశ్నాపత్రమును తెరిచి కింద తెలిపిన అంశాలను తప్పనిసరిగా సరిచూసుకోండి.**
   (i) ఈ ప్రశ్న పత్రమును చూడడానికి కవర్‌పేజి అంచున ఉన్న కాగితపు సీలును చించండి. స్టిక్కర్ సీలులేని మరియు ఇదివరకే తెరిచి ఉన్న ప్రశ్నాపత్రమును మీరు అంగీకరించవద్దు.
   (ii) **కవరు పేజి పై ముద్రించిన సమాచారం ప్రకారం ఈ ప్రశ్నపత్రములోని పేజీల సంఖ్యను మరియు ప్రశ్నల సంఖ్యను సరిచూసుకోండి. పేజీల సంఖ్యకు సంబంధించి గానీ లేదా సూచించిన సంఖ్యలో ప్రశ్నలు లేకపోవుట లేదా నిజప్రతి కాకపోవుట లేదా ప్రశ్నలు క్రమపద్ధతిలో లేకపోవుట లేదా ఏవైనా తేడాలుండుట వంటి దోషపూరితమైన ప్రశ్న పత్రాన్ని వెంటనే మొదటి ఐదు నిమిషాల్లో పరీక్షా పర్యవేక్షకునికి తిరిగి ఇచ్చివేసి దానికి బదులుగా సరిగ్గా ఉన్న ప్రశ్నపత్రాన్ని తీసుకోండి. తదనంతరం ప్రశ్నపత్రము మార్చబడదు అదనపు సమయం ఇవ్వబడదు.**
   (iii) పై విధంగా సరిచూసుకొన్న తర్వాత ప్రశ్నాపత్రం సంఖ్యను OMR పత్రము పై అదేవిధంగా OMR పత్రము సంఖ్యను ఈ ప్రశ్నాపత్రము పై నిర్దిష్టస్థలంలో రాయవలెను.
4. ప్రతి ప్రశ్నకు నాలుగు ప్రత్యామ్నాయ ప్రతిస్పందనలు (A), (B), (C) మరియు (D) లుగా ఇవ్వబడ్డాయి. ప్రతిప్రశ్నకు సరైన ప్రతిస్పందనను ఎన్నుకొని కింద తెలిపిన విధంగా OMR పత్రములో ప్రతి ప్రశ్నా సంఖ్యకు ఇవ్వబడిన నాలుగు వృత్తాల్లో సరైన ప్రతిస్పందనను సూచించే వృత్తాన్ని బాల్ పాయింట్ పెన్‌తో కింద తెలిపిన విధంగా పూరించాలి.
   **ఉదాహరణ :** (A) (B) ● (D)
   (C) సరైన ప్రతిస్పందన అయితే
5. ప్రశ్నలకు ప్రతిస్పందనలను ఈ ప్రశ్నపత్రముతో ఇవ్వబడిన OMR పత్రము పైన ఇవ్వబడిన వృత్తాల్లోనే పూరించి గుర్తించాలి. అలాకాక సమాధాన పత్రంపై వేరొక చోట గుర్తిస్తే మీ ప్రతిస్పందన మూల్యాంకనం చేయబడదు.
6. ప్రశ్న పత్రము లోపల ఇచ్చిన సూచనలను జాగ్రత్తగా చదవండి.
7. చిత్తుపనిని ప్రశ్నపత్రము చివర ఇచ్చిన ఖాళీస్థలములో చేయాలి.
8. OMR పత్రము పై నిర్ణీత స్థలంలో సూచించవలసిన వివరాలు తప్పించి ఇతర స్థలంలో మీ గుర్తింపును తెలిపే విధంగా మీ పేరు రాయడం గానీ లేదా ఇతర చిహ్నాలను పెట్టడం గానీ చేసినట్లయితే మీ అనర్హతకు మీరే బాధ్యులవుతారు.
9. పరీక్ష పూర్తయిన తర్వాత మీ ప్రశ్నపత్రాన్ని మరియు OMR పత్రాన్ని తప్పనిసరిగా పరీక్షపర్యవేక్షకుడికి ఇవ్వాలి. వాటిని పరీక్ష గది బయటకు తీసుకువెళ్లకూడదు.
10. **నీలి/నల్ల రంగు బాల్ పాయింట్ పెన్ మాత్రమే ఉపయోగించాలి.**
11. **లాగరిథమ్ టేబుల్స్, క్యాలిక్యులేటర్‌లు, ఎలక్ట్రానిక్ పరికరాలు మొదలగునవి పరీక్షగదిలో ఉపయోగించడం నిషేధం.**
12. **తప్పు సమాధానాలకు మార్కుల తగ్గింపు లేదు.**

# HINDI
## Paper – II

1. 'हिंदी नई चाल में ढली।' किसका कथन है ?
   (A) भारतेंदु हरिश्चंद्र
   (B) रामविलास शर्मा
   (C) रामचंद्र शुक्ल
   (D) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी

2. 'नागरी प्रचारिणी सभा' का केंद्रीय कार्यालय कहाँ है ?
   (A) वाराणसी
   (B) प्रयाग
   (C) वर्धा
   (D) कलकत्ता

3. निम्नलिखित में से कौन–सा ग्रंथ केशवदास का नहीं है ?
   (A) कविप्रिया
   (B) रसिकप्रिया
   (C) रामचंद्रिका
   (D) कीर्तिपताका

4. 'भरतेश्वर बाहुबली रास' के रचनाकार हैं
   (A) शालिभद्र सूरी
   (B) सरहपाद
   (C) पुष्पदन्त
   (D) भरतेश्वर

5. 'राउलवेल' का रचनाकाल माना जाता है
   (A) सातवीं शताब्दी
   (B) आठवीं शताब्दी
   (C) नवीं शताब्दी
   (D) दसवीं शताब्दी

6. निम्नलिखित में से कौन–सी रचना नाटक नहीं है ?
   (A) यमगाथा
   (B) अपरिभाषित
   (C) टैरीकोटा
   (D) चौराहा

7. विधा की दृष्टी से कौन–सा वर्ग सही है ?

(A) मेरी आत्मकहानी, मेरी असफलताएँ, मेरी जीवनयात्रा, माटी की मूरतें

(B) रामचरितमानस, पद्मावत, साकेत, प्रियप्रवास

(C) आषाढ़ का एक दिन, गबन, गोदान, राम की शक्तिपूजा

(D) चाक, कब तक पुकारुँ, रुकोगी नहीं राधिका, सेतुबंध

8. कालक्रमानुसार साहित्यकारों का कौन–सा वर्ग सही है ?

(A) दादू , जगनिक, बेनी प्रवीण, केशव

(B) जगनिक, दादू, केशव, बेनी प्रवीण

(C) केशव, बेनी प्रवीण, जगनिक, दादू

(D) बेनी प्रवीण, केशव, दादू, जगनिक

9. 'भारतेंदु मंडल' के साहित्यकारों का सही वर्ग है

(A) प्रताप नारायण मिश्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामवृक्ष बेनीपुरी, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रताप नारायण मिश्र, बाल मुकुंद गुप्त, रामचंद्र शुक्ल

(C) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन', प्रताप नारायण मिश्र, तोताराम, बालकृष्ण भट्ट

(D) बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन', महावीर प्रसाद द्विवेदी, तोताराम, लक्ष्मण सिंह

10. 'अपरूप का कवि' किसे कहा जाता है ?

(A) विद्यापति

(B) अमीर खुसरो

(C) चंद वरदाई

(D) नरपति नाल्ह

11. ईश्वर की कल्पना स्त्री के रूप में की गई है

(A) शिव–नारायणी संप्रदाय में

(B) सूफी संप्रदाय में

(C) कबीर पंथ में

(D) रसिक संप्रदाय में

12. ब्रजभाषा के संबंध में मान्यता है

I. ब्रजभाषा पश्चिमी हिंदी की बोली है।

II. ब्रजभाषा में तुलसीदास ने रचनाएँ की हैं।

III. ब्रजभाषा अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित हुई है।

IV. उपर्युक्त तीनों कथन सही हैं।

सही विकल्प बताइए –

(A) I और II दोनों गलत

(B) I और II दोनों सही

(C) I, II और III तीनों सही

(D) I और III दोनों सही

13. “विभावानुभाव व्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः” रस सूत्र है –

I. उक्त सूत्र के उद्‌भावक मम्मट हैं।

II. उक्त सूत्र में संचारी भाव का उल्लेख है।

III. उक्त सूत्र में स्थायीभाव का स्पष्ट उल्लेख है।

IV. उक्त तीनों कथन सही हैं।

सही विकल्प बताइए –

(A) I और II दोनों सही

(B) I, II और III तीनों सही

(C) I और III दोनों सही

(D) I, III, IV तीनों गलत

14. काव्यशास्त्रियों के बारे में निम्नलिखित कथन हैं

I. ‘काव्यालंकार’ के रचनाकार भामह हैं।

II. भामह छठी सदी के आचार्य हैं।

III. ‘काव्यादर्श’ के रचनाकार दण्डी हैं।

IV. दण्डी नवीं सदी के आचार्य हैं।

सही विकल्प बताइए –

(A) I और II सही

(B) III और IV सही

(C) II, III और IV सही

(D) I, III और IV सही

15. ‘रस मीमांसा’ के विषय में कहा जाता है –

I. ‘रस मीमांसा’ के लेखक अभिनव गुप्त हैं।

II. ‘रस मीमांसा’ के लेखक रामचंद्र शुक्ल हैं।

III. ‘रस मीमांसा’ के संपादक विश्वनाथ प्रसाद मिश्र हैं।

IV. ‘रस मीमांसा’ के लेखक विश्वनाथ प्रसाद मिश्र हैं।

सही विकल्प बताइए –

(A) I और II सही

(B) II और III सही

(C) I सही और III गलत

(D) II सही और III गलत

16. “स्रुतिसम्मत हरिभक्तिपथ संजुत विरति विवेक” प्रसिद्ध उक्ति है।

I. उक्त कथन तुलसीदास का है।

II. उक्त कथन नाभादास का है।

III. उक्त कथन में सगुण भक्ति की महिमा का बखान किया गया है।

IV. उक्त कथन में भक्ति के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण है।

सही विकल्प बताइए –

(A) I और II सही

(B) II और III सही

(C) III और IV सही

(D) I और III सही

**17.** प्रथम प्राकृत भाषा है –

(A) वैदिक संस्कृत

(B) शौरसेनी

(C) पालि

(D) लौकिक संस्कृत

**18.** आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की दृष्टी से कौन–सा वर्ग सही है ?

(A) मराठी, तमिल, गुजराती, उड़िया

(B) कश्मीरी, उड़िया, बंगला, पंजाबी

(C) असमिया, उड़िया, मलयालम, मारवाड़ी

(D) बंगला, मालवी, तेलुगु, सिंधी

**19.** सूफी प्रेमाख्यानक काव्यों में प्रथम रचना है –

(A) मृगावती

(B) पद्मावत

(C) चंदायन

(D) मधुमालती

**20.** रस संप्रदाय का प्राचीनतम उपलब्ध ग्रंथ है

(A) नाट्यशास्त्र

(B) ध्वन्यालोक

(C) अलंकारमंजरी

(D) रसमंजरी

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **21** से **25** तक दी गई स्थापनाओं और तर्कों को ध्यानपूर्वक पढ़कर बहुविकल्पीय उत्तरों में से सही उत्तर का चयन करें ।

**21. स्थापना (A) :** श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है ।

**तर्क (R) :** क्योंकि प्रेम में एकांतिकता होने पर भी भक्ति संभव है ।

(A) (A) और (R) सही

(B) (A) और (R) गलत

(C) (A) गलत (R) सही

(D) (A) सही (R) गलत

**22. स्थापना (A) :** बर्बरता की पहली सीढ़ी से सभ्यता की अंतिम सीढ़ी तक युद्ध मनुष्य जाति का साथ देता आया है ।

**तर्क (R) :** क्योंकि सभ्यता के विकास में युद्ध की अनिवार्यता स्वत:सिद्ध है ।

(A) (A) सही (R) गलत

(B) (A) गलत (R) सही

(C) (A) और (R) सही

(D) (A) और (R) गलत

23. **स्थापना (A)** : ''रावरे रूप की रीति अनूप नयो-नयो लागत ज्यो-ज्यों निहारिये''। उक्त कथन में सौंदर्य की परिभाषा बतायी गयी है।

**तर्क (R)** : क्योंकि सौंदर्य की उक्त परिभाषा सार्वभौमिक है।

(A) (A) और (R) सही

(B) (A) और (R) गलत

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

24. **स्थापना (A)** : कविता का मूल प्रयोजन आनंद है।

**तर्क (R)** : क्योंकि कविता का उद्देश्य लोकमंगल है।

(A) (A) गलत (R) सही

(B) (A) सही (R) गलत

(C) (A) और (R) सही

(D) (A) और (R) गलत

25. **स्थापना (A)** : अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है।

**तर्क (R)** : क्योंकि अधिकार पाने के बाद व्यक्ति के लिए दु:ख पाना अनिवार्य हो जाता है।

(A) (A) और (R) सही

(B) (A) और (R) गलत

(C) (A) सही (R) गलत

(D) (A) गलत (R) सही

26. निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए।

(A) रामचरितमानस, रामचंद्रिका, साकेत, वैदेही वनवास

(B) साकेत, रामचरितमानस, वैदेही वनवास, साकेत

(C) रामचरितमानस, रामचंद्रिका, वैदेही वनवास, साकेत

(D) वैदेही वनवास, साकेत, रामचंद्रिका, रामचरितमानस

27. निम्नलिखित उपन्यासों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है –

(A) गोदान, गबन, निर्मला, सेवासदन

(B) सेवासदन, निर्मला, गबन, गोदान

(C) निर्मला, गोदान, सेवासदन, गबन

(D) गबन, गोदान, निर्मला, सेवासदन

28. निम्नलिखित कहानियों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है –

(A) पंच परमेश्वर, सवासेर गेहूँ, पूस की रात, कफन

(B) सवासेर गेहूँ, पूस की रात, कफन, पंच परमेश्वर

(C) कफन, पंच परमेश्वर, पूस की रात, सवासेर गेहूँ

(D) पूस की रात, कफन, पंच परमेश्वर, सवासेर गेहूँ

29. निम्नलिखित भाषाओं के विकास का सही अनुक्रम बताइए –

(A) पालि, अपभ्रंश, प्राकृत, संस्कृत

(B) अपभ्रंश, पालि, संस्कृत, प्राकृत

(C) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

(D) प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, पालि

30. निम्नलिखित नाट्यकृतियों का सही अनुक्रम बताइए –

(A) लहरों के राजहंस, पैर तले की ज़मीन, आधे अधूरे, आषाढ़ का एक दिन

(B) पैर तले की जमीन, आधे अधूरे, लहरों के राजहंस, आषाढ़ का एक दिन

(C) आधे अधूरे, आषाढ़ का एक दिन, पैर तले की जमीन, आधे अधूरे

(D) आषाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस, आधे अधूरे, पैर तले की जमीन

**31.** कालक्रमानुसार निम्नलिखित विचारकों का सही अनुक्रम बताइए –

(A) मैथ्यू ऑरनॉल्ड, क्रोचे, टि.एस. इलियट, आई.ए. रिचर्ड्स

(B) क्रोचे, टी.एस. इलियट, मैथ्यू ऑरनॉल्ड, आई.ए. रिचर्ड्स

(C) आई.ए.रिचर्ड्स, मैथ्यू ऑरनॉल्ड, टी.एस.इलियट, क्रोचे

(D) टी.एस. इलियट, आई.ए.रिचर्ड्स, क्रोचे, मैथ्यू ऑरनॉल्ड

**32.** निम्नलिखित कहानियों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम बताइए –

(A) वापसी, उसने कहा था, दुलाईवाली, ग्यारह वर्ष का समय

(B) दुलाईवाला, ग्यारह वर्ष का समय, उसने कहा था, वापसी

(C) ग्यारह वर्ष का समय, उसने कहा था, वापसी, दुलाईवाली

(D) उसने कहा था, दुलाईवाली, वापसी, ग्यारह वर्ष का समय

**33.** प्रकाशनकाल के अनुसार निम्नलिखित पत्रिकाओं का सही अनुक्रम लिखिए।

(A) सरस्वती, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, कविवचनसुधा, हिंदी प्रदीप

(B) हिंदी प्रदीप, कविवचनसुधा, सरस्वती, नागरीप्रचारिणी पत्रिका

(C) नागरी प्रचारिणी पत्रिका, कविवचनसुधा, हिंदी प्रदीप, सरस्वती

(D) कविवचनसुधा, हिंदी प्रदीप, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सरस्वती

**34.** निम्नलिखित रचनाओं का काल के अनुसार सही अनुक्रम है –

(A) सुखमय जीवन, रानी केतकी की कहानी, राउलवेल, सिंहासन बत्तीसी

(B) सिंहासन बत्तीसी, सुखमय जीवन, रानी केतकी की कहानी, राउलवेल

(C) राउलवेल, सिंहासन बत्तीसी, रानी केतकी की कहानी, सुखमय जीवन

(D) रानी केतकी की कहानी, सिंहासन बत्तीसी, सुखमयजीवन, राउलवेल

**35.** निम्नलिखित निबंधकारों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम है –

(A) कुबेरनाथ राय, सरदार पूर्णसिंह, प्रताप नारायण मिश्र, हरिशंकर परसाई

(B) हरिशंकर परसाई, प्रताप नारायण मिश्र, सरदार पूर्णसिंह, कुबेरनाथ राय

(C) सरदार पूर्णसिंह, कुबेरनाथ राय, प्रताप नारायण मिश्र, हरिशंकर परसाई

(D) प्रताप नारायण मिश्र, सरदार पूर्णसिंह, हरिशंकर परसाई, कुबेरनाथ राय

**36.** निम्नलिखित कृतियों का उनके कृतिकारों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) संसद से सड़क तक | (i) केदारनाथ अग्रवाल |
| (b) फूल नहीं रंग बोलते हैं | (ii) दुष्यंतकुमार |
| (c) युगधारा | (iii) धूमिल |
| (d) साए में धूप | (iv) नागार्जुन |
| | (v) शमशेर बहादुर सिंह |

इनमें से सही विकल्प बताइए –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |

**37.** निम्नलिखित उक्तियों को उनके उक्तिकारों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्।' | (i) वामन |
| (b) 'रमणीयार्थ प्रतिपादक: शब्द: काव्यम्।' | (ii) विश्वनाथ |
| (c) 'सौंदर्यमलंकार:।' | (iii) भामह |
| (d) 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।' | (iv) मम्मट |
| | (v) पं.जगन्नाथ |

इनमें से सही विकल्प बताइए –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (v) | (i) | (iii) |

**38.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके उपन्यासकारों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) महाभोज | (i) अज्ञेय |
| (b) नदी के द्वीप | (ii) नागार्जुन |
| (c) वरुण के बेटे | (iii) राही मासूम रज़ा |
| (d) आधा गाँव | (iv) मन्नू भंडारी |
| | (v) भीष्म साहनी |

इनमें से सही विकल्प बताइए –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (v) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |

**39.** निम्नलिखित कहानीकारों को उनकी कहानियों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) कमलेश्वर | (i) वापसी |
| (b) मोहन राकेश | (ii) बड़े भाईसाहब |
| (c) प्रेमचंद | (iii) दोपहर का भोजन |
| (d) अमरकांत | (iv) परमात्मा का कुत्ता |
| | (v) दिल्ली में एक मौत |

इनमें से सही विकल्प बताइए –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |

**40.** निम्नलिखित काव्यांशों को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) वियोगी होगा पहला कवि | (i) प्रसाद |
| (b) जो घनीभूत पीड़ा थी | (ii) निराला |
| (c) शहर के उस ओर खंडहर की तरफ परित्यक्त सूनी बाबड़ी | (iii) पंत |
| (d) पेट–पीठ दोनों मिलकर हैं एक | (iv) मुक्तिबोध |
| | (v) अज्ञेय |

इनमें से सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (v) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**41.** निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादकों के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) कविवचनसुधा | (i) प्रेमचंद |
| (b) सरस्वती | (ii) अज्ञेय |
| (c) हंस | (iii) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (d) नया प्रतीक | (iv) भारतेंदु हरिश्चंद्र |
| | (v) निराला |

इनमें मे सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (D) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |

**42.** निम्नलिखित आचार्यों को उनके काल के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) दण्डी | (i) नवीं शताब्दी |
| (b) शंकुक | (ii) बारहवीं शताब्दी |
| (c) मम्मट | (iii) सातवीं शताब्दी |
| (d) हेमचंद्र | (iv) तेरहवीं शताब्दी |
| | (v) ग्यारहवीं शताब्दी |

इनमें मे सही विकल्प बताइए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (v) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (C) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (v) | (i) | (iii) |

**43.** निम्नलिखित आचार्यों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) क्षेमेन्द्र | (i) काव्यालंकारसार संग्रह |
| (b) भोजराज | (ii) सरस्वतीकंठाभरण |
| (c) भामह | (iii) कविकंठाभरण |
| (d) उद्भट | (iv) काव्यालंकार |
| | (v) काव्य प्रकाश |

इनमें से सही विकल्प बताइए –

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**44.** पाश्चात्य विचारकों और उनके मतों को सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) अरस्तू | (i) रूसवाद |
| (b) आई.ए.रिचर्ड्स | (ii) निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत |
| (c) टी.एस.इलियट | (iii) मूल्य सिद्धांत |
| (d) रूसो | (iv) अनुकरण सिद्धांत |
| | (v) संरचनावाद |

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (v) | (iii) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (D) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**45.** रस–निष्पत्ति विषयक आचार्यों तथा उनके वादों का सुमेलन कीजिए –

| | |
|---|---|
| (a) भट्टलोल्लट | (i) अनुमितिवाद |
| (b) शंकुक | (ii) अभिव्यक्तिवाद |
| (c) भट्टनायक | (iii) उत्पत्तिवाद |
| (d) अभिनव गुप्त | (iv) भक्तिवाद |
| | (v) अभिव्यंजनावाद |

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (v) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |

**निर्देश :** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्नसंख्या **46** से **50**)के उत्तरों के दिए गए बहुविकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

सत्य से आत्मा का संबंध तीन प्रकार का है। एक जिज्ञासा का संबंध है, दुसरा प्रयोजन का संबंध है और तीसरा आनंद का। जिज्ञासा का संबंध दर्शन का विषय है, प्रयोजन का संबंध विज्ञान का विषय है और आनंद का संबंध केवल साहित्य का विषय है। सत्य जहाँ आनंद का स्त्रोत बन जाता है, वहीं वह साहित्य हो जाता है। जिज्ञासा का संबंध विचार से है, प्रयोजन का संबंध स्वार्थ–बुद्धि से। आनंद का संबंध मनोभावों से हैं। साहित्य का विकास मनोभावों द्वारा ही होता है। एक दृश्य या घटना को हम तीनों ही भिन्न–भिन्न नज़रों से देख सकते हैं। हिम से ढँके हुए पर्वत पर उषा का दृश्य दार्शनिक के गहरे विचार की वस्तु है, वैज्ञानिक के लिए अनुसंधान की और साहित्यिक के लिए विह्वलता की। विह्वलता एक प्रकार का आत्म समर्पण है। यहाँ हम पृथकता का अनुभव नहीं करते। यहाँ ऊँच–नीच, भले–बुरे का भेद नहीं रह जाता।

46. जिज्ञासा, प्रयोजन और आनंद का संबंध किससे होता है ?

(A) सत्य से

(B) विज्ञान से

(C) दर्शन से

(D) उक्त सभी से

47. 'आनंद' का संबंध किससे होता है ?

(A) दर्शन से

(B) विज्ञान से

(C) साहित्य से

(D) क्षोभ से

48. साहित्य–सृजन का आधारभूत तत्व है -

(A) वैयक्तिकता

(B) मनोभाव

(C) दार्शनिकता

(D) अनुभूतिहीनता

49. साहित्यिक की पहचान होती है

(A) संवेदनशीलता से

(B) प्रतिबद्धता से

(C) जिज्ञासा से

(D) प्रयोजनशीलता से

50. विज्ञान कार्यव्यापार है

(A) बौद्धिक

(B) मानसिक

(C) व्यावहारिक

(D) संवेदनशील

## Space for Rough Work

## Space for Rough Work